भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2409
दिनांक 06 अगस्त, 2024/ 15 श्रावण, 1946 (शक) को उत्तर के लिए

तटीय सुरक्षा योजना

+2409. श्री वसंतराव बलवंतराव चव्हाण:
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा तटीय सुरक्षा योजना (सीएसएस) के अंतर्गत तटीय निगरानी के लिए की गई 14 नौकाओं की मांग की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र राज्य के लिए इन नौकाओं की मंजूरी दे दी है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा राज्य सरकार के प्राधिकारियों को इन्हें उपलब्ध नहीं कराए जाने के क्या कारण है;

(घ) क्या महाराष्ट्र सरकार ने सीएसएस के चरण 2 और चरण 3 के अंतर्गत और अधिक नौकाओं की मांग की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में केंद्र सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ङ) क्या राज्य सरकार ने माओवाद प्रभावित गड़चिरोली जिले हेतु चार सेतुओं और विभिन्न सड़क संपर्क की भी मांग की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) चालू वित्तीय वर्ष में उक्त प्रस्तावों के लिए राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार से कितनी धनराशि की मांग की गई है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क) से (घ): तटीय सुरक्षा योजना चरण-I के अंतर्गत, महाराष्ट्र को राज्य सरकार के परामर्श से 28 नौकाएं स्वीकृत की गई हैं। तथापि, तटीय सुरक्षा योजना चरण -II के अंतर्गत, और नौकाओं की खरीद के प्रस्ताव पर योजना के विस्तार के दौरान विचार नहीं किया गया। तटीय सुरक्षा योजना चरण-II वर्ष 2020 में समाप्त हो गई और वर्तमान में कार्यान्वयनाधीन नहीं है।

लोक सभा अतारांकित प्र.सं. 2409, दिनांक 06.08.2024

(ङ): वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क संपर्क परियोजना (आरसीपीएलडब्ल्यूईए) महाराष्ट्र सहित वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के जिलों में महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण/उन्नयन के लिए वर्ष 2016 में शुरू की गई थी।

आरसीपीएलडब्ल्यूईए के अंतर्गत महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में 487.72 किलोमीटर लंबाई की कुल 26 सड़कें और 68 पुल स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से वर्ष 2022-23 में निम्नलिखित 04 पुल अनुमोदित किए गए हैं:

i. अहेरी ब्लॉक में इंद्रावती नदी पर पुल
ii. भामरागढ़ ब्लॉक में बंधिया नदी पर पुल
iii. भामरागढ़ ब्लॉक में कोमरा नाला पर पुल
iv. एटापल्ली ब्लॉक में नागिल नाला पर पुल

स्वीकृत परियोजनाओं में से, 402 किलोमीटर लंबाई की 17 सड़कें और 51 पुलों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

(च): चालू वित्तीय वर्ष में राज्य के निधियों हेतु प्रस्ताव पर राज्य सरकार की अनुपालन रिपोर्ट के आधार पर विचार किया जाएगा।

******